धीरेन्द्र चौबे
अवर सचिव
टेलीफोन: 23034274
फैक्स: 23034759

अ.शा.पत्र सं.4(3)/2013-यु.सं. दिनांक: 18.7.2013

महोदय/महोदया,

मुझे आपको यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए 16वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2012-13 का पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार, 5 अगस्त, 2013 को जीएमसी बालयोगी सभागार, संसदीय ग्रंथालय भवन, नई दिल्ली (गुरुद्वारा रकाबगंज के सामने) में आयोजित किया जाएगा। श्री पबन सिंह घाटोवार, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री समारोह की अध्यक्षता करेंगे और पुरस्कार वितरित करेंगे। मैं इस पत्र के साथ अनुबंध के रुप में ट्राफियों/पुरस्कारों के वितरण की योजना सलंग्न कर रहा हूं।

2. इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, जमुई (बिहार), राष्ट्रीय विजेता, युवा संसद की एक बैठक पुन: अभिनीत करेंगे।

3. समारोह के लिए आमंत्रित प्रधानाचार्यों, अध्यापकों और पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों को सोमवार, 5 अगस्त, 2013 को देर से देर पूर्वाहन 11:00 बजे तक सभागार में पहुंच जाना चाहिए ताकि उन्हें समारोह की अध्यक्षता करने वाले गण्यमान्य व्यक्ति द्वारा पुरस्कारों के वितरण के संबंध में अपेक्षित अनुदेश दिए जा सकें। **विद्यार्थियों और प्रभारी अध्यापकों के लिए दिनांक 5.8.2013 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक सभागार में जलपान और दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई है।** नवोदय विद्यालय समिति (मुख्यालय) से इस पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित अध्यापकों और पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों के रहने/खाने की व्यवस्था करने और प्रधानाचार्यो/अध्यापकों को यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते के भुगतान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में और जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी और सुश्री कनीज फातिमा, उपायुक्त (शैक्षिक), नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, जिला गौतम बुध नगर, नोएडा-211307, उत्तर प्रदेश (टेलीफोन नंबर 0120-2405921) से संपर्क करें। पुरस्कार वितरण समारोह का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात www.mpa.ni.in पर उपलब्ध है।

4. यह भी सूचित किया जाता है कि 5 अगस्त, 2013 को जीएमसी बालयोगी सभागार, संसदीय ग्रंथालय भवन में पुरस्कार वितरण समारोह के लिए प्रवेश पुराने स्वागत कक्ष के गेट (टेलीफोन नंबर 23035008) और संसदीय संग्रहालय गेट नंबर 1 (गुरुद्वारा रकाबगंज के

सामने, टेलीफोन नंबर 23035020) से होगा। **कृपया यह नोट कर लिया जाए कि सुरक्षा अनुदेशों के मद्देनजर मोबाइल फोन, लैपटॉप, कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कोई धातु की वस्तु इत्यादि सभागार के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं है।** आपसे अनुरोध है कि पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों और अनुरक्षक अध्यापकों का ब्यौरा संलग्न प्रोफार्मा में मेल/फैक्स के माध्यम से तत्काल भेज दें।

5. कृपया इस पत्र की पावती भेजें और अपने कार्यक्रम की इस मंत्रालय को ईमेल sorc.pa@nic.in और नवोदय विद्यालय समिति (मुख्यालय) को पुष्टि करें।

सादर,

आपका,

(धीरेन्द्र चौबे)

प्रधानाचार्य
जवाहर नवोदय विद्यालय
....
....

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:-

1. श्री जी.बी. बोथ्याल, आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, संस्थागत एरिया, सेक्टर 62, नोएडा-201307, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।
2. श्री टी.सी.एस. नायडु, संयुक्त आयुक्त (शैक्षिक), नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, संस्थागत एरिया, सेक्टर 62, नोएडा-201307, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।
3. सुश्री कनीज फातिमा, उपायुक्त (शैक्षिक), नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, जिला गौतम बुध नगर, नोएडा-211307, उत्तर प्रदेश।
4. डॉ. के. भवनारायण, सहायक आयुक्त (शैक्षिक 2), नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, जिला गौतम बुध नगर, नोएडा-211307, उत्तर प्रदेश
5. उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति (चंडीगढ़ क्षेत्र), बे नं.26-27, सेक्टर 31ए, चंडीगढ़-1600031 (संघ राज्य क्षेत्र)
6. उपायुक्त़ नवोदय विद्यालय समिति, (शिलांग क्षेत्र), नोंग्रीम हिल्स, (नागालैंड हाउस के निकट), ईस्ट खासी हिल्स, शिलांग-793003, मेघालय।
7. उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, (पटना क्षेत्र), बोरिंग रोड, (ए.एन. कॉलेज के सामने), पटना-80001 3, बिहार।

8. उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, (जयपुर क्षेत्र), 18, संग्राम कालोनी, महावीर मार्ग "सी" स्कीम, जयपुर-302001, राजस्थान।
9. उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, (पुणे क्षेत्र), शेटी महामंडल भवन (एमएसएफसी लिमिटेड), दूसरा तल, बी-विंग, 270, भामबुर्दा सेनापति बापट रोड, पुणे-411016, महाराष्ट्र।
10. उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, (भोपाल क्षेत्र), 160, जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल-462011, मध्य प्रदेश।
11. उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, (हैदराबाद क्षेत्र), मकान नंबर 1-1-10/3, सरदार पटेल रोड, सिकंदराबाद-500003, आंध्र प्रदेश।
12. उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति (लखनऊ क्षेत्र), तीसरा तल, लेखराज पन्ना, सेक्टर-2, विकास नगर, लखनऊ-226022, उत्तर प्रदेश।
13. सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव।
14. संयुक्त सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय के निजी सचिव।
15. श्री एस.के. सिन्हा, तकनीकी निदेशक, एनआईसी को इस पत्र को वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।

(धीरेन्द्र चौबे)
अवर सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन 23034274
फैक्स 23034759
ई-मेल: sorc.pa@nic.in

19वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2012-13 के पुरस्कार वितरण समारोह में शील्ड/ट्राफियों और पुरस्कारों के वितरण की योजना

क्र.सं.	शील्ड/ट्राफी/पुरस्कार	जिनके द्‌वारा प्राप्त किया जाएगा
I.	राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जवाहर लाल नेहरू चल वेजयंती और ट्रॉफी	
	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, जमुई (बिहार)	उपायुक्त/सहायक आयुक्त/प्रधानाचार्य/प्रभारी अध्यापक और सभी पुरस्कार विजेता विद्‌यार्थी **(अधिकतम 60 व्यक्ति)**
II.	क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए ट्रॉफी	
1	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, कांकेर, छत्तीसगढ़	प्रधानाचार्य, प्रभारी अध्यापक और राष्ट्रीय स्तर पर 8 पुरस्कार विजेता विद्‌यार्थी **(अधिकतम केवल 10 व्यक्ति)**
2	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, फतेहपुर राजपूताना, पटियाला	-वही-
3	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, कानपुर देहात	-वही-
4	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, राजसमंद, राजस्थान	-वही-
5	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, सिंधूदुर्ग	-वही-
6	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, डिब्रुगढ़	-वही-
7	जवाहर नवोदय विद्‌यालय, ईस्ट गोदावरी	-वही-

<u>विद्यार्थियों और अनुरक्षक अध्यापकों का ब्यौरा</u>

विद्यालय का नाम और पता:

क्र.सं.	अनुरक्षक अध्यापकों/विद्यार्थियों का नाम	आयु	पुल्लिंग/स्त्रीलिंग